हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 27.3 डिग्री

10 अब तक समाधान शिविर में प्राप्त हुई 2652 ...


11 नपा कर्मियों ने उल्टी झाड़ कर किया प्रदर्शन, संयुक्त ..



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- पीडब्ल्यूडी निर्माण सदन में सीएडब्ल्यूएस राज्य टीम द्वारा लिपिक वर्ग की 35400 की मांग को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन 12 बजे।
- आर्य समाज के प्रतिनिधि मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी पार्क से विरोध प्रदर्शन करेंगें।
- नगर निगम की टीम नालों की सफाई के लिए चलाएगी अभियान।

## खबर संक्षेप

### मदविः यूएमसी केस सुनवाई 16 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मई-जून 2024 में आयोजित बीए-दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई 16 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे तथा बीए-चौथे व छठे सेमेस्टर के यूएमसी केसों की सुनवाई 16 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे आयोजित की जाएगी।

### रोटरी क्लब सिटी के अध्यक्ष बने सुशील गुप्ता

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित निजी होटल में रोटरी क्लब रोहतक सिटी की असेंबली बैठक आयोजित हुई। जिसमें सुशील गुप्ता को सर्वसम्मति से रोटरी क्लब रोहतक सिटी का अध्यक्ष चुना गया। शिव ऐरन को सचिव, सुमित गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए।

### मदविः 20 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में बीएससी-स्टैटिसटिक्स चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बीएससी-स्टैटिसटिक्स चार वर्षीय पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 20 जुलाई तक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन काउंसलिंग 22 को आयोजित की जाएगी फीस 23 जुलाई तक भरनी होगी।

### प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 से 22 जुलाई तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन, डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज तथा इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज के तीसरे व चौथे सेमेस्टर रेगुलर तथा इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के दूसरे सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 से 22 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी।

## मिशन एडमिशन: यूजी की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी, 15 तक होगी फीस जमा

# वैश्य कॉलेज बीकॉम की कट ऑफ 97.2% और नेकीराम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस की कट ऑफ 94.2% रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उच्चतर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को यूजी की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। वैश्य कॉलेज में बीकॉम पाठ्यक्रम की कट ऑफ 97.2 प्रतिशत और नेकीराम कॉलेज में सबसे ज्यादा पॉलिटिकल साइंस की कट ऑफ 94.2 प्रतिशत रही। वहीं आईसी कॉलेज बीबीए में 90.4 और बीसीए, साइकॉलोजी में कट ऑफ 88.2 प्रतिशत पहुंची। अब इस लिस्ट के आधार पर फीस जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। विद्यार्थी फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करेंगे।

### दस्तावेजों की होगी जांच

जिन विद्यार्थियों का नाम इस लिस्ट में आया है वह अब अपने दस्तावेजों की जांच वेरीफिकेशन कमेटी से करवाएंगे। इससे पहले उन्हें फीस जमा करवानी होगी। इसके बाद विद्यार्थी कॉलेज पहुंचकर ऑनलाइन अपलोड किए सभी दस्तावेज वेरीफिकेशन कमेटी को दिखाएंगे। अगर किसी जरूरी दस्तावेज की जरूरत हुई तो वह विद्यार्थी को उपलब्ध करवाना होगा। इससे पहले विद्यार्थी का दाखिला प्रोवीजनल माना जाएगा।

### इंटरनेट कैफे पर लगी भीड़

जैसे ही दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होने की सूचना विद्यार्थियों को मिली सभी ने अपने मोबाइल पर परिणाम देखना शुरू किया। वहीं कुछ विद्यार्थी लिस्ट देखने के लिए इंटरनेट कैफे पहुंचे। जिस कारण इंटरनेट कैफे पर विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही।

#### नेकीराम कॉलेज

| विषय | एआईओसी | ईडब्ल्यूएस/ एआईओसी | एचओजीसी एचओजीसी | ईडब्ल्यूएस | एससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी एफएफ | डीए | ईएसएम/ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 88.2 | 80.6 | 82.6 | 78.6 | 71.2 | 66.4 | 50.4 | 54.8 | --- | && |
| मेजर इकॉनोमिक्स | 88.4 | 79 | 79.8 | 75.6 | 51.4 | && | && | && | --- | --- |
| मेजर इंग्लिश | 89.6 | && | 84.8 | 77 | 74.2 | 53.6 | 68.4 | 76 | && | --- |
| मेजर ज्योग्राफी | 92.4 | 82.2 | 85.8 | 77 | 71.2 | 65.8 | 58.4 | 68.8 | --- | --- |
| मेजर हिंदी | 73.6 | && | 59 | && | 53.6 | 55.8 | && | && | && | - - |
| मेजर इतिहास | 85.4 | 70.4 | 75.2 | 66.4 | 72.4 | 65.4 | 64.2 | && | - - | |
| मेजर राजनीति विज्ञान | 94.2 | && | 89.4 | && | 75 | 72.2 | 78.2 | 63 | - - | |
| मेजर मनोविज्ञान | 88.2 | 79.4 | 85.2 | 70.2 | 75 | 72.2 | 64.2 | 72 | - - | |
| बीबीए | 92.2 | && | 89.2 | 86.2 | 83 | 72.2 | 87.2 | 79.4 | | - - |
| कॉमर्स | 87.4 | && | 75.8 | 66.4 | 61 | 55.2 | 58 | 68.8 | && | |
| बीसीए | 91.2 | 87.4 | 87.6 | 87.4 | 77.4 | 79.8 | 85.2 | 76.4 | && | 67.2 |
| जीव विज्ञान | 82 | 71.2 | 73.3 | && | 67.8 | && | 68.4 | && | && | && |
| भौतिक विज्ञान | 74.8 | 59.4 | 55.4 | && | && | && | && | && | ---- | && |
| मेजर रसायन विज्ञान | 89.2 | 84 | 84.8 | 88 | 64.6 | && | 69.4 | 63.6 | && | && |
| मेजर गणित | 90.2 | && | 88.6 | && | 80 | && | 80.4 | 79.4 | - - | |
| मेजर भौतिकी | 89.8 | 83 | 84.2 | 79.6 | 67.4 | && | 69.8 | 73.4 | && | && |

#### आईसी कॉलेज

| विषय | एआईओसी | ईडब्ल्यूएस/ एआईओसी | एचओजीसी | ईडब्ल्यूएस एचओजीसी | एससी एसटी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी | एफएफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 84.6 | 74.2 | 68.6 | && | 59 | ,60 | 55 | 65.8 | && |
| बीए ऑनर्स इकॉनोमिक्स | 68.4 | 59.2 | && | && | && | && | && | && | && |
| इंग्लिश ऑनर्स | 84.8 | 75.4 | 73.4 | && | 58 | && | && | && | |
| हिंदी ऑनर्स | 74.2 | 63.8 | && | && | 52 | && | && | --- | --- |
| मनोविज्ञान ऑनर्स | 88.2 | 80.2 | && | 74.2 | 77 | && | 71.6 | && | --- |
| कॉमर्स | 64.2 | && | && | --- | && | && | && | && | |
| बीएससी फिजिकल | 63.8 | && | && | --- | && | && | && | && | |
| बीएससी होम साइंस | 67.4 | 65.6 | && | && | && | && | && | --- | --- |
| बीएससी लाइफ साइंस | 804 | 67.4 | 67.2 | && | 62 | && | && | && | && |
| बीबीए | 90.4 | 83.6 | && | 89.8 | 62 | 57 | 72.8 | && | |
| बीसीए | 88.2 | 85 | 84 | 79.8 | 62 | 63 | 63.4 | 70.6 | && |
| बीएससी मैथ ऑनर्स | 84 | 78.4 | && | 77.4 | 77 | && | 69.8 | 63.6 | && |
| बीएससी फिजिकल ऑनर्स | 85.6 | 78.4 | 77 | 74.4 | 67 | 63 | 65.4 | 63.6 | && |

#### वैश्य कॉलेज

| विषय | एआईओसी |
|---|---|
| बीए | 94.2 |
| बीएससी फि साइंस | 80.2 |
| बीएससी लासाइंस | 84 |
| कॉमर्स | 97.2 |

#### हिंदू कॉलेज

| विषय | एआईओसी | बीएससी लाइफ साइंस | 67.2 |
|---|---|---|---|
| बीए | 88.2 | बीबीए | 88.4 |
| बीकॉम एडिड | 73.8 | बीसीए | 88.2 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 78.8 | बीजेएमसी | 57.4 |



# नौनंद: टूटी भालौठ डिस्ट्रीब्यूटरी कई एकड़ में पानी भरने से भारी नुकसान

### सिंचाई विभाग का दावा जमीन थी खाली, नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शुक्रवार सुबह दस बजे के करीब गांव नौनंद में भालौठ डिस्ट्रीब्यूटरी टूटने से कई एकड़ में पानी भर गया। जलभराव से किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने का दावा सिंचाई विभाग कर रहा है। महकमे का कहना है कि जमीन में कोई फसल इस वक्त नहीं बोई गई थी। इसलिए नुकसान नहीं हुआ। डिस्ट्रीब्यूटरी की दरार को पाटने में करीब छह घंटे लगे। शाम को साढ़े चार बजे के आसपास दोबारा से पानी चलाया गया। 10-12 फीट चौड़ी दरार कैसे आई इसको लेकर विभाग जांच करेगा। अमूमन दरार चूहों की वजह से ही आती है। चूहे नहर की पटरी को खोद देते हैं। इनके बिलों में पानी घुस जाता है। धीरे-धीरे रिसाव होता है और फिर दरार का रूप धारण कर लेता। करीब 42 दिन बाद भालौठ सब्र बांच में तीन पहले ही पानी चलाया गया था।

#### नुकसान नहीं

सुबह दस बजे के करीब डिस्ट्रीब्यूटरी में दरार आई थी। जानकारी मिलते ही तुरंत मैं मौके पर पहुंच गया था और शाम को चार बजे दरार का पाटकर दोबारा से पानी चला दिया गया था। जलभराव से कोई भी नुकसान नहीं हुआ है।
-उदयभान सांगवान, एसडीओ

#### खेतों में पानी भर गया

सब ब्रांच पर ही भालौठ डिस्ट्रीब्यूटरी का हेड है। ये डिस्ट्रीब्यूटरी भालौठ नौनंद समेत आसपास के गांवों के खेतों की सिंचाई करती है। किसान रणबीर सिंह का कहना है कि उनके खेतों में काफी पानी भर गया है। अब धान लगाने में दिक्कत हो सकती है। क्योंकि जमीन में पानी ज्यादा भरा हुआ है। इतने पानी में धान की रोपाई नहीं की जा सकती है।

### दो युवकों को प्रतिबंधित नशीली दवाइयों सहित दबोचा

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने गाडी में सवार दो युवक को प्रतिबंधित नशीली दवाइयों सहित गिरफ्तार किया। गाडी से 11 शीशी ओनरेक्स बरामद हुई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि दिल्ली बाइपास की तरफ से आ रहे गाड़ी सवार युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। गाड़ी चालक युवक की पहचान आर्यन निवासी गांव बलियाणा व दूसरे युवक की मोहित निवासी भापडौदा झज्जर के रूप में हुई है। नियमानुसार तलाशी लेने पर गाड़ी की सीट के नीचे से 11 शीशी ओनरेक्स की बरामद हुई है।

# प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: कंबोज

- कांबोज ने 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में हो रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसको संबोधित करते हुए मुख्यातिथि पूर्व मंत्री एवम भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज ने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार को बनाने में पिछड़ा वर्ग का अहम योगदान है। इस बार भी पिछड़ा वर्ग ने भाजपा की सरकार लाने का मन बना लिया है। कंबोज ने नायब सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्रीमी लेयर की आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करना नायब सरकार की पिछड़ा वर्ग को नायाब सौगात है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की वर्षों पुरानी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 23 जून को मंजूर कर ओबीसी वर्ग का दिल जीत लिया है इसके लिए आज इस जिला कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में हो रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत का अनुसरण करती है। इसीलिए भाजपा के शासन काल में गरीब व्यक्ति जो पिछली सरकारों में सरकारी नौकरी मिलने बारे सोच भी नहीं सकता था, भाजपा के शासन में उन्हें योग्यता के आधार पर बिना खर्ची, बिना पर्ची के नौकरी मिली है। इन्हीं कामों के बूते तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनने जा रही है। प्रारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दिन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**रोहतक।** कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवम भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज का स्वागत करते हुए ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी व अन्य।

# एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमएससी सीबीसीएस स्कीम-जेनेटिक्स, बायोटैक्नोलोजी, मेडिकल बायोटैक्नोलोजी, बायोकैमिस्ट्री, इनवायरमेंटल बायोटेक, इनवायरमेंटल साइंस, फूड टैक्नोलोजी, फोरेंसिक साइंस, जूलोजी, स्टैटिसटिक्स, फिजिक्स, बायोइंफोर्मेटिक्स की चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमएड सीबीसीएस स्कीम के चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बी. आर्क दसवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बीकॉम डीडीई सेमेस्टर की दूसरे, चौथे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की केवल रेगुलर का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसी प्रकार बी. कॉम जनरल वार्षिक के प्रथम, दूसरे व तीसरे वर्ष की केवल री-अपीयर, एमएएड स्पेशल एजुकेशन- इंटेक्चुअल डिसेबिलिटी, एमआर की चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमएड स्पेशल एजुकेशन इंटेक्चुअल डिसेबिलिटी के तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटेशनल बायोलोजी के प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमएससी, बीबीए/बीबीए बीई/बीबीए सीएएम/बीबीए सेकेंड की दूसरे व चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमएचएमसीटी के चौथे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, एमटीटीएम के चौथे सेमेस्टर फुल, एमएससी गणित आनर्स पंचवर्षीय के दसवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा चुका है।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कल कार्यभार संभालेंगे, सीएम आएंगे

## तैयारियों को लेकर फणीन्द्रनाथ शर्मा ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली 14 जुलाई को पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को विधिवत रूप से प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण करवाएंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी, प्रदेश के मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का पदग्रहण समारोह भव्य हो इसके लिए शुक्रवार को पार्टी कार्यालय मंगल कमल में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में संगठन मंत्री शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष के स्वागत के लिए हर कार्यकर्ता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, जिला महामंत्री आशा शर्मा, पूर्व विधायक सरिता नारायण,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मपाल मकड़ौली, पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर राजकमल सहगल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन, रमेश भाटिया, एडवोकेट राजबाला चहल, शिशपाल चौहान, शमशेर कलिंगा, जिला उपाध्यक्ष वीरसिंह हूडा, उदयभान मलिक, पंकज छाबड़ा, सत्यप्रकाश बिसला, जिला सचिव गीता आहल्याण, जिला कोषाध्यक्ष सतीश आहूजा, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र सैनी, अमित बंसल,सतीश चौधरी, तकदीर खरकड़ा, राजकुमार सुनारियां, सुनीता यादव उपस्थित रहे।


**रोहतक।** पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेते संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर। फोटो: हरिभूमि

# सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, 15 जुलाई को हरियाणा के सभी एचसीएमएस डॉक्टर्स रहेंगे 2 घंटे की हड़ताल पर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एचसीएमएम (हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेस) एसोसिएशन के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों को लेकर हरियाणा के सभी एचसीएमएस डॉक्टर्स 15 जुलाई को प्रदेशभर में 2 घंटे की पेन डाउन हड़ताल करेंगे। इसका असर प्रदेशभर के नागरिक अस्पतालों, उप मंडल अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी, डिस्पेंसरी तथा पॉलीक्लीनिक पर पड़ेगा। एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ विश्वजीत राठी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ सीएमओ डॉ अनिल बिरला को ज्ञापन सौंप कर जानकारी दी कि एचसीएमएस डॉक्टर्स की मांगें पूरी न होने के कारण हरियाणा के सभी एचसीएमएस डॉक्टर 15 जुलाई को दो घंटे की हड़ताल पर रहेंगे, जिसमें सभी डॉक्टर दो घंटे तक ओपीडी के मरीज नहीं देखेंगे और अगर मांगें नहीं मानी जाती हैं तो 25 जुलाई से हरियाणा के सभी एचसीएमएस डॉक्टर पूरी तरह हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। इसमें ओपीडी, इमरजेंसी, पोस्टमार्टम, सभी प्रोग्राम


**रोहतक।** सीएमओ डॉ अनिल बिरला को ज्ञापन सौंपते हुए एचसीएमएम एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ विश्वजीत राठी व अन्य पदाधिकारी।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

- एनईईटी पीजी बांड - एसोसिएशन की बॉन्ड कम करने की मांग सरकार द्वारा हामी भरने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाई है, एनईईटी पीजी परीक्षा एक महीने बाद होने वाला है, मध्यम वर्ग से आने वाले सरकारी डॉक्टरों से एक एक करोड़ की दो प्रॉपर्टी गिरवी रखवाई जाती हैं जो देने में सरकारी डॉक्टर सक्षम नहीं हैं, बॉन्ड 1 करोड़ से 50 लाख किया जाए तथा कुछ भी गिरवी न रखवा कर पोस्ट डेटेड चेक लिया जाए।
- डॉक्टरों की लंबे समय से मांग रही है एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की फाइल जो कई वर्षों से मुख्यमंत्री से अनुमति मिलने के बाद भी सरकार के पास लंबित है
- केंद्र सरकार के अनुसार हरियाणा के सरकारी डॉक्टरों को भत्ते दिए जाएं, डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले कामों के लिए सरकार द्वारा उचित गाइडलाइन जारी की जाएं।
- डॉक्टरों की कमी की वजह से जनता तथा डॉक्टर दोनो को समस्या का सामना करना पड़ता है तथा जनसंख्या के हिसाब से डॉक्टर काफी कम हैं जिससे कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ता है, एसोसिएशन मांग करती है की पॉलिसी बदल कर नई पोस्ट बनाए तथा जो पद खाली हैं उनको जल्द से जल्द भरा जाए।



## खबर संक्षेप



### छात्रों ने सीखा कुकीज बनाने का तरीका

**रोहतक।** स्थानीय तिलियार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सुनारिया के 37 छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि 37 छात्रों ने संस्थान के विभिन्न विभागों को देखा तथा उन्हें इस दौरान बेकरी शेफ बृजेश वधवा द्वारा कुकीज बनाने की विधि सिखाई गई। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे तथा मुनेश कुमार ने होटल मैनेजमेंट कोर्स में दाखिले तथा उसके पश्चात के करियर विकल्पों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### सेक्टर वेलफेयर एसोसिशन ने की बैठक आयोजित

**रोहतक।** ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन की एक बैठक प्रधान रणबीर सिंह छिल्लर और संयोजक कदम सिंह अहलावत की संयुक्त अध्यक्षता में सेक्टर-3 के सामुदायिक केंद्र में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा सरकार द्वारा बिल्डर्स के इंट्रेस्ट में फिर से लागू कर दी गई स्टिल्ट पार्किंग + 4 फ्लोर हाउसिंग पॉलिसी था। इस बारे में सेक्टर रेजिडेंट्स द्वारा सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया और साथ ही हिसार में आल सेक्टर्स फेडरेशन, हरियाणा की बैठक में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का फैसला किया गया। इसके अलावा सुखबीर सिंह हुड्डा प्रधान सेक्टर-3 ने बताया कि सीवर और स्टोरम वाटर लाइनों का सरकारी पैरामीटर्स के अनुसार सफाई व मरम्मत आदि का कार्य संबंधित विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने मांगों को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने मानसरोवर पार्क में जिला प्रधान अनिल बल्हारा की अध्यक्षता में रोष प्रदर्शन किया। इसका संचालन जिला सचिव सज्जन सिंह ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष भगवान अहलावत, प्रदेश सहसचिव जयदीप सहरावत, प्रदेश उपप्रधान राकेश कुमार, प्रदेश उपप्रधान दलबीर सैनी, जिले में कार्यरत सभी ब्रांचों के प्रधान सचिव व कोषाध्यक्ष व अन्य ने 23 सूत्रीय मांग पत्र राजस्व अधिकारी कनब सिंह लाकड़ा को सौंपा।

### अधिवक्ता वेदप्रकाश कांग्रेस में शामिल

**महम।** महम में शुक्रवार को बड़ा झटका लगा है। बहलबा गांव के पूर्व सरपंच एवं महम बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता वेदप्रकाश अहलावत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने भाजपा छोड़ने की घोषणा की। पूर्व सीएम हुड्डा ने उनको पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। वेदप्रकाश इनेलो पार्टी में लंबे समय तक काफी सक्रिय रहे हैं। वे इनेलो पार्टी में टिकट के दावेदार रहे हैं और वे ऑल इंडिया शुगरफेड के सदस्य रहे हैं। कुछ वर्षों से वे भाजपा में थे और राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा के साथ मंच सांझा करते थे।

---

अब तक प्राप्त हुईं 2652 शिकायतों में से 1845 का हुआ निपटारा

# शिविर में आमजन की समस्याओं का हो रहा समाधानः उपायुक्त

डीसी ने कह शिविर लोगों के लिए लाभप्रद, सभी अपनी समस्याओं करवाएं समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का आयोजन आमजन के जीवन की समस्याओं को दूर करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। नागरिक लगातार शिविर में अपनी शिकायतों को लेकर आ रहे हैं और जिला प्रशासन द्वारा उनकी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित हुए शिविर में 72 नागरिक शिकायत लेकर पहुंचे, जिनमें से ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

अजय कुमार शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। अजय कुमार ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को तुरंत सभी शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है व अन्य शिकायतों का निर्धारित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को ज्यादा परेशान ना होने पड़े। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के प्रति नागरिकों का रुझान काफी बढ़ रहा है। हर रोज नागरिक शिकायतें लेकर समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने नागरिकों से आह्वान किया कि समाधान शिविर में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर आएं, प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। हर रोज काफी संख्या में नागरिक समस्याएं लेकर समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन ने अधिकतर शिकायतों का समाधान कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 2652 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 1845 शिकायतों का समाधान हो चुका है। शेष बची 793 शिकायतों का भी जल्द समाधान कर दिया जाएगा।



**रोहतक।** ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए भजन पार्टी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जा रहा जागरूक : अजय कुमार

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भजन मंडलियों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। जिला के ग्रामीण क्षेत्र में रोजाना भजन पार्टियां पहुंच रही हैं। अजय कुमार ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से महानिदेशक मनदीप बराड़ के दिशा-निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभागीय भजन पार्टियां जिला के गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को भजन व गीतों के जरिये लोक गायन शैली में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए जागरूक जा रहा है। गौरतलब है कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा सरकार के साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, जो कि 31 जुलाई तक जारी रहेगा। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि एक जुलाई से शुरू हुए इस प्रचार अभियान के तहत जिला के सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी लोगों हरियाणवी संस्कृति के गीतों और भजनों के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रचार अभियान में यह प्रयास किया जाता है कि अधिक से अधिक ग्राम वासियों को एकत्रित कर उनके समक्ष भजन, गीतों व नाटक की प्रस्तुति दी जाए, जिससे कि लोगों को सरकार की नीतियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

---

## इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह



**रोहतक।** इनरव्हील क्लब ऑफ रोहतक ब्लूमिंग डेल के अध्यक्ष डॉ. पूजा शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह में उपस्थित सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- नई कार्यकारिणी टीम का गठन डॉ. पूजा शर्मा के नेतृत्व में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनरव्हील क्लब ऑफ रोहतक ब्लूमिंग डेल ने नई अध्यक्ष डॉ. पूजा शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया। नई कार्यकारिणी टीम का गठन डॉ. पूजा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सिल्की बंसल उपाध्यक्ष, प्रीति बंसल निवर्तमान अध्यक्ष, डॉ. राशी जैन सचिव, साक्षी बंसल कोषाध्यक्ष, ज्योति बंसल आईएसओ और क्षितिजा रावल कथूरिया को संपादक बनाया गया। समारोह का आयोजन कार्यकारिणी बैठक और सामान्य सभा के बाद किया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी शुभारंभ हुआ। जिसमें 25 लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। जिसे सुचि जैन, डॉ. निधि चौधरी और सरूचि बधवार द्वारा प्रायोजित किया गया। इस अभियान में एमटीएफसी से 15 लड़कियां और सरकारी स्कूल से 10 लड़कियां लाभान्वित हुई। इसके अलावा ताऊ देवी लाल पार्क में पौधरोपण किया गया। इसके बाद नए सदस्य के लिए मतदान किया गया, जिसमें बचपन प्ले स्कूल सनसिटी प्रियंका कालरा को अधिकतम वोटों से नामांकित किया गया। कार्यक्रम में 25 सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने कहा कि इनरव्हील क्लब ऑफ रोहतक ब्लूमिंग डेल अपने समाज सेवा के कार्यों में इसी तरह सक्रिय रहेगा। इस मौके पर डॉ. राशी जैन, साक्षी बंसल, ज्योति बंसल, याशिका जैन, शिम्पी जैन, समृद्धि जैन, सरूचि बधवार, शुचि जैन, पायल विज, ज्योति सूद, सलोनी कक्कड़, सलोनी कालरा, गुरलीन कोचर, डॉ. सोनिका मान, दिशा नरवाल, करीना अरोड़ा, ईशा जैन, वर्निता जैन, नेहा विज, शिल्पी जैन और डॉ. ताशी नरूला शामिल रही।

---



**रोहतक।** छात्रा को सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ. शबनम राठी।

### जाट कॉलेज की तारूषी को मिला सांत्वना पुरस्कार

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय की छात्रा तारूषी मलिक ने राज्य स्तरीय साइंस लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार हासिल किया है। शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने छात्रा तारूषी को पुरस्कृत कर बधाई दी। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने बताया कि छात्रा तारूषी ने कुरुक्षेत्र के दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय साइंस लेखन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। डॉ. कांता राठी के मार्गदर्शन में छात्रा तरूषी ने प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बताया कि छात्रा तारूषी ने नेकीराम कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई और सांत्वना पुरस्कार के साथ 4 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि हासिल की। छात्रा कॉलेज में बीएससी फाइनल वर्ष में टॉपर भी रही है।

## मंडलों पर साप्ताहिक प्रवास करेंगे प्रदेश स्तरीय नेता

- बैठक में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण पर जोर
- प्रवास के दौरान स्थानीय मुद्दों के समाधान करने के भी दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने में जुटी भाजपा ने प्रदेश के सभी मंडलों पर प्रवास की योजना तैयार की है। भाजपा के बड़े नेता मंडलों में प्रवास करेंगे और बूथ कार्यकर्ताओं तथा जनता से संवाद करेंगे। इस दौरान बूथों को और अधिक मजबूत करने तथा हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद के साथ-साथ प्रेरित किया जाएगा। अगले सप्ताह से भाजपा का प्रवास कार्यक्रम शुरू होगा। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ।

### एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाएं

**रोहतक।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में पौधा रोपण किया। संगठन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ वातावरण के लिए पौधारोपण अभियान चलाया है और इसे आगे बढ़ाने की हम सभी की जिम्मेदारी है। पौधा रोपण अभियान के तहत लगभग 100 पौधे लगाए गए। संगठन मंत्री ने लोगों से आहवान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को मां के नाम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

## लाहली में पंचायती जमीन पर निर्माण को लेकर दो पक्ष भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव लाहली में पंचायती जमीन पर निर्माण करने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर हंगामा हुआ। साथ ही निर्माण रोकने को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट व गाली-गलौज की गई। वहीं, एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। कलानौर थाना पुलिस ने सरपंच सहित 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कलानौर पुलिस थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव लाहली की सरपंच कश्मीरी देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोग पंचायती जमनी पर कब्जा कर रहे थे। गांव में 1976 में पंचायत घर बना था, उस पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। कब्जा करने वाले लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। वहीं झगड़ा करने लगे। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इसके बाद आरोपियों ने सरपंच, सरपंच पति व अन्य को घेर लिया। उनको जातिसूचक गालियां भी दी। वहीं आरोपियों ने लाठी-डंडे व तेजधार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी पंचायती जमीन पर कब्जा करने की नियत से यह वारदात की है। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सरपंच की शिकायत पर 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

---

## शहीदों के बलिदान को भुलाना नहीं चाहिए: नवीन जैन

हरिभूमि न्यूज. रोहतक




शहीद रविन्द्र के 12 वें शहीदी दिवस पर शहीद रविन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट कमला नगर, रोहतक द्वारा विशाल हवन, स्वैच्छिक रक्तदान उत्सव, स्वास्थ्य जांच शिविर व पौधारोपण का आयोजन ओशो विचारक स्वामी गोबिन्द करतार के सानिध्य में शहीद रविन्द्र स्मारक हुड्डा पार्क, झज्जर रोड़, रोहतक में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नवीन जैन प्रधान वैश्य एजुकेशन सोसायटी रहे। अतिविशिष्ट अतिथि राहुल जांगड़ा सहायक श्रम आयुक्त रहे। विशिष्ट अतिथि कवि व गीतकार वीरेन्द्र मधुर, पूर्व पार्षद ममता रानी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशेर वत्स सुरहेती ने की। नवीन जैन ने कहा हमें शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। शहीद परिवारों को रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों सहयोग करना चाहिए हमारे लिए गर्व का विषय होना चाहिए। असली हीरों तो हमारे सेना के जवान ही हैं। प्रधान शमशेर सुरहेती ने बताया कि सर्वप्रथम विशाल हवन में मंत्र उच्चारण के साथ विशाल हवन विश्वक्रर्मा मन्दिर हवन समिति द्वारा किया गाया। उसके बाद मुख्य अतिथि व सम्मानित सदस्यों द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। तत पश्चात स्वैच्छिक रक्तदान, स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं दंत जाँच शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवीन जैन द्वारा किया गया। हवन की शुरूआत सहयाक श्रम आयुक्त राहुल जांगड़ा की। जिला रेडक्रास एवं रक्तकोष पीजीआईएमएस के सहयोग से 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया एवं नवीन जैन द्वारा रक्तदानियों को सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट भेंट किए गए। सभी रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि नवीन जैन ने सम्मानित किया।

## जाट शिक्षण संस्था प्रधान का स्वागत

हरिभूमि न्यूज. रोहतक



रोहतक। जाट शिक्षण संस्था के नवनिर्वाचित प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और गर्वनिंग बॉडी पदाधिकारियों व कॉलेजियम सदस्यों के सम्मान करते ग्रामीण।

जाट शिक्षण संस्था के नवनिर्वाचित प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और गर्वनिंग बॉडी पदाधिकारियों व कॉलेजियम सदस्यों के सम्मान में गांव भालौठ में स्वागत समारोह किया। समारोह में उपप्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप भी शामिल रहे। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी समाज ने दी है। उसके लिए वे हर संभव संसाधन जुटाकर समाज के लोगों को साथ लेकर संस्था के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि गांववासियों ने सम्मान के तौर पर जो पगड़ी मुझे बांधी है उसके सम्मान को हमेशा ऊंचाईयों पर रखूंगा। कार्यक्रम में संस्था के उपप्रधान धर्मराज ने कहा कि समाज की इस धरोहर जाट संस्था के सम्मान को फिर से हम सभी मिलकर ऊंचाईयों की ओर लेकर जाएंगे। संस्था के महासचिव नवदीप (मोनू) ने कहा कि समाज के लोगों द्वारा सौंपी गई इस पूज्यनीय शिक्षा रूपी मंदिर के लिए हम सभी मिलकर शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेंगे।

---

## कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को नियमित करने को लेकर गरजे कर्मी

- हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मियों ने गेट मीटिंग करके सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा बिजली वितरण निगम कर्मचारियों की सभी सब यूनिट गेट मीटिंग करके अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दिया। मांगपत्र में निगम में कौशल रोजगार निगम के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने की प्रमुख है। इसके अलावा कर्मचारियों की 10-12 और मांग हैं। इन्हें भी पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। मांगों में चिरायु कार्ड के चिकित्सा सुविधा, कार्ड बनने तक इलाज की वैकल्पिक व्यवस्था, दूरदराज कार्यरत अनुबंधित ( कच्चे ) कर्मचारियों की घर के नजदीक तैनाती, अस्थायी , डीसी रेट, कौशल रोजगार निगम , कर्मचारियों की लम्बित चार वर्ष की वेतन वृद्धि की दर 20% प्रतिवर्ष देने, समान काम समान वेतन के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने, अनुबंधित कर्मचारियों के ईपीएफ खातों को सुचारू रूप से जारी रखने, वर्दी तथा एलटीसी तथा वाहन भत्ता व फ्री बिजली यूनिट देने, जिले में सभी बिजली शिकायत केंद्रों नये स्थाई पद स्वीकृत करने, नये स्वीकृत पद अनुसार पदोन्नति, बिजली निगमों में सभी तरह के तकनीकी कच्चे व पक्के कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देने, सभी तरह के अनुबंधित/ स्थायी कर्मचारियों के लिए एक्सग्रेसिया लागू करने की मांग शामिल है।

कन्या भ्रूण हत्या विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित

## लिंगानुपात सुधारने के लिए करें प्रयासः महेश

- संबंधित विभाग निष्ठा से दायित्व का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार।।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने कहा है कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास जारी रखना चाहिए। महेश कुमार आज महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को लेकर संबंधित विभाग अपने-अपने करते हुए का ईमानदारी के साथ निर्वाण करें। कन्या भ्रूण हत्या को अपराध बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करना सबसे बड़ा पाप है। जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी श्रीमती करमिंद्र कौर ने बाल विवाह को रोकने बारे कानूनी जानकारी दी। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के तहत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी प्रकाश डाला। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप ने पोक्सो व जेजे एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किशोर से संबंधित बढ़ते अपराधों में उनसे जुड़ी समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा इसके लिए जिम्मेदार कारणों को व्यवहारिक जीवन से संबंधित उदाहरण से समझाया।

उप सिविल सर्जन डॉ. अनिलजीत त्रेहान ने बताया कि घटते लिंगानुपात में सुधार करने के लिए सबसे पहले सभी गर्भवती महिलाओं को 3 महीने के अंदर-अंदर रजिस्टर्ड किया जाएगा। हर माह की 5 तारीख तक जितने लाभार्थी रजिस्टर होंगे, उनके खान-पान व स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। हर महीने की 9 तारीख को हर पीएचसी व सीएचसी सेंटर में एएनसी चेकअप के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग भी की जाएगी ताकि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के साथ-साथ बेटियों के जन्म को बढ़ावा मिल सके। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी ने बताया कि जागरूकता शिविर का उद्देश्य जिला में लिंगानुपात में और भी सुधार लाना है। कार्यक्रम में रोहतक ग्रामीण परियोजना अधिकारी योगेंद्रा, डिंपल, निर्मला, मंजू रानी व सविता आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### तीन नाबालिग बच्चों को मजदूरी करते हुए पकड़ा

**रोहतक।** एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की टीम ने छापेमारी करते हुए तीन नाबालिग बच्चों को मजदूरी करते हुए पकड़ा है। तीनों बच्चे अलग-अलग दुकानों पर काम कर रहे थे। इसी सूचना पर टीम ने छापेमारी कर तीन नाबालिग बच्चों को बाल मजदूरी करते पकड़ा। जिसके बाद टीम ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट रोहतक इंचार्ज स्टेट क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर राजवंती ने बताया कि एडीजीपी स्टेट क्राइम ब्रांच ममता सिंह के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### हिंदू स्टडीज में प्रवेश के लिए 18 को होगी परीक्षा

**रोहतक।** मदवि में एमए-हिन्दू स्टडीज पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 17 के बजाय 18 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक आयोजित की जाएगी।यह जानकारी एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने दी। प्रो. तनेजा ने बताया कि एमएड, एमए-संस्कृत, एमएससी स्टैटिसटिक्स, एमटीटीएम, एमएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षाएं अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई हैं।

### जेजेपी के पूर्व प्रत्याशी राम सिंह वैद कांग्रेस में शामिल

**महम।** बवानी खेड़ा विधानसभा से जननायक जनता पार्टी के पूर्व में प्रत्याशी रहे राम सिंह वैद ने शुक्रवार को महम में जेजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा महम में बार एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनको पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया।

### मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने दिया ज्ञापन

**सांपला।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार को ज्ञापन सोपा। इससे पहले उन्होंने कस्बे में बीजेपी सरकार के खिलाफ रोष प्रकट भी किया। कर्मचारी अमित ,संजय, बबीता दर्शन ,मुकेश ने बताया कि पिछले काफी समय से वे सरकार से अपनी मांगे पूरी करने की अपील कर रहे हैं लेकिन कोई सुनाई नहीं हो रही।

### मॉडल स्कूल में किया विद्यार्थी परिषद का गठन

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में विभिन्न पदों के लिए विद्यार्थी-परिषद का गठन किया गया। कक्षा बारहवीं के देव को 'हैड ब्वाय' और मानसी को 'हैड गर्ल' बनाया गया। वहीं कक्षा ग्यारहवीं के तराश और मेधावी मनोचा को 'विंग मैन ' बनाया गया। नैतिक, एंजल नारंग, गणिका, दक्ष बड़क एडजुटेंट चुने गए।

### सफाई कार्य की समीक्षा के लिए आयुक्त ने की बैठक

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने शहर के वार्डों में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं। वे शुक्रवार को सफाई कार्य की समीक्षा के लिए निगम की तकनीकी शाखा व सफाई शाखा के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। आयुक्त ने बैठक के दौरान रोहतक शहर में चल रहे सफाई कार्यो की समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सरकार के आदेशों की प्रतियां जलाई

# नपा कर्मियों ने उल्टी झाड़ू कर किया प्रदर्शन, संयुक्त आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सरकार ने समझौतों में मानी गई मांगों को लागू नहीं किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने लम्बित मांगों को लेकर शुक्रवार को काले झंडों व उल्टी झाड़ू के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के आदेशों की प्रति जलाने के बाद निगम संयुक्त आयुक्त विजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में प्रधान संजय बिडलान के अलावा राज्य संगठन कर्ता राजपाल, सचिव श्रवण बहोत, जिला प्रधान अनिल कांगड़ा, संजय, कैशियर विक्की बिड़लान आदि मौजूद रहे।

प्रधान संजय बिडलान ने ज्ञापन में बताया कि सरकार ने संघ के साथ 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को किए गए समझौतों में मानी गई मांगों को लागू नहीं किया। सरकार के इस रवैये से प्रदेश के पालिका कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया सरकार ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। उनकी निगरानी के लिए पोर्टल बनाकर आधार कार्ड व फोटो मांगे जा रहे हैं।



**रोहतक।** झाड़ू के साथ प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य, निगम संयुक्त आयुक्त विजय सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

### दस साल से कोई भर्ती नहीं

उन्होंने कहा सरकार ने 10 वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की नहीं की। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी करने के बाद भी पक्का नहीं किया। लगातार कई जिलों से कर्मचारियों को नौकरियों से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा संघ प्रदेश के सभी जिलों में प्रेस वार्ता कर सरकार के दलित सफाई कर्मचारी विरोधी चेहरे को बेनकाब करेगा। सरकार ने 20 जून तक मांगो का समाधान नही किया तो संघ 21 जुलाई को रोहतक में राज स्तरीय विशाल कार्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर राज्यव्यापी बड़े आन्दोलन की घोषणा करेगा।





**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईएचएमसी चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल व अन्य सदस्य।

# इलेक्ट्रो हाम्योपैथी को मान्यता देने की मांग

- ईएचएमसी 16 जुलाई को करेगी रोष प्रदर्शन, डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन
- मानसरोवर पार्क में एकत्र होंगे इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग को लेकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल (ईएचएमसी) हरियाणा ने ऐलान किया है कि 16 जुलाई को रोष प्रदर्शन किया जाएगा। ईएचएमसी चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने शुक्रवार को सागर विला होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ईएचएमसी हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल सरकार से कई बार अपनी मांगों को लेकर मिल चुका है। सरकार से इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मंजूरी देने की मांग की है, ताकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर बिना किसी डर के काम कर सकें। डॉ. खनगवाल ने कहा कि सबसे पहले हम 16 जुलाई को रोहतक में रोष प्रदर्शन करेंगे। 16 जुलाई मंगलवार को सुबह प्रदेशभर से इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर मानसरोवर पार्क में एकत्र होंगे और बैठक कर रणनीति बनाएंगे। इसके बाद रोष प्रदर्शन करते हुए रोहतक के डीसी अजय कुमार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि वे हमारी आवाज विधानसभा में उठाएं और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलवाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व सीएम मनोहरलाल से लेकर वर्तमान सीएम नायब सिंह सैनी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से कई बार मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग की है, लेकिन अब तक हमें सरकार की तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। हाल ही इमें सीएम के ओएसडी से भी सोनीपत में मुलाकात की, लेकिन हर बार हमें निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन इस बार ईएचएमसी ने कमर कस ली है। सरकार को हमारी मांगें माननी होंगी। वरना हम बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। पत्रकारवार्ता को वाइस चेयरमैन डॉ नारायण सिंह तेवतिया, कैशियर डॉ. विनोद तोबड़िया, एएएमसी के चेयरमैन डॉ. महीपाल और ईएचएमसी के झज्जर के जिला प्रधान डॉ. शिवराज, जिला सचिव रेवाड़ी डॉ. अमित कुमार और एक्जिक्यूटिव चैयरमैन डॉ. सतीश मलिक ने भी संबोधित किया।

# पेड़ हमारे जीवन को सुरक्षित रखते हैं

- पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी का सहयोग जरूरी है

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पौधा मां के नाम योजना कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में पौधरोपण किया गया। जिसके अंतर्गत 100 से अधिक पौधे लगाए गए एवं जरूरतमंदों को पानी पीने के लिए बोतल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फनीन्द्र नाथ शर्मा रहे। आयोजक डॉ. मन्नू कुंडू के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महामंत्री फनीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि पेड़ों के माध्यम से हम न केवल अपने जीवन को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि वे वातावरण के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने पौधों का महत्व बताया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी का सहयोग जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने और उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए। पेड़-पौधों के रोपण से हम न केवल अपने आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि हम स्वयं के लिए एक स्वस्थ और प्राकृतिक माहौल भी बनाते हैं। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार मनोज कुमार, डीन नवीन कुमार, एमडीयू विश्वविद्यालय से प्रोफेसर कुलताज सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री रमा बल्हारा, डॉक्टर आदित्य बत्रा, सौरभ, सन्नी नारा आदि उपस्थित रहे।


**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में हवन करते हुए महामंत्री फनीन्द्र नाथ व साथ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एच एल वर्मा व अन्य स्टाफ।




### वेद मॉडल स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**रोहतक।** कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया, जिसमें कक्षा पहली से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने भाषण, स्लोगन, पोस्टर, कविताएं, लघु नाटिका के माध्यम से विश्व में बढ़ती जनसंख्या के प्रति सचेत करने का प्रयास किया। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कि किस तरह बढ़ती जनसंख्या के कारण देश को भुखमरी, कई तरह की बीमारियों, बेरोजगारी आदि कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल डायरेक्टर उर्मिल बौदवाल व प्राचार्या उषा रानी ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में कला शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कारोर में कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक ईश्वर सिंह मलिक ने किया। अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की कलाओं की सराहना की। प्रदर्शनी में बारहवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान और तमन्ना ने हॉफ वेव रेक्टीफायर में व गौरव और सचिन ने टेस्ला कॉयल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा अंजली व गीतिका ने अम्लीय वर्षा में और अक्षरा एवं आर्यन ने हार्ट प्रोजेक्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बारहवीं कक्षा से आर्यवीर, रोहित, मनीष, नितिन व इशांत ने इंवर्टर प्रोजेक्ट में तृतीय स्थान, वॉटर अलार्म सिस्टम में सक्षम और रूद्र ने वोल्केनिक इरप्शन में हिमानी, प्रतिभा व अंजील, रेन वाटर हार्वेस्टिंग में वंशिका रोहज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। इसी तरह से आर्ट एंड क्राफ्ट में बेस्ट स्केच में प्रिंस, बेस्ट पेंटिंग में प्रियांशु, बेस्ट बिल्डिंग में युविता तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में प्रियांशु ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। प्राचार्या ज्योति दलाल ने कहा कि कला ही जीवन है। उन्होंने कहा कि विज्ञान व कला प्रदर्शनी से छात्रों के वैज्ञानिक सोच का विस्तार होता है। सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे आयोजनों का होना जरूरी है।

# शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान



**रोहतक।** आरपी एजुकेशन सोसाइटी ने चंद्रस्वरूप की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 52 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर आरपी एजुकेशन सोसाइटी, आईएसबीटीआई, क्रॉस एंड क्लाइंब अकैडमी, सेंटर फॉर सोशल एंड एजुकेशनल रिसर्च, श्री साईं वेलफेयर सोसाइटी, सहयोग व रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान आयोजित हुआ। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह (पौधा) व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर डॉ. अनिल बिरला रहे। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सभरवाल ने संस्था के कार्यों की सराहना की। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव श्याम सुंदर ने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। पीजीआई मॉडल ब्लड बैंक के प्रोफेसर एवं हेड डॉ. गजेन्द्र सिंह ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर में श्रीभगवान ने 54वीं, डॉक्टर सतीश कुंडू ने 42वीं, अजीत सुखाला ने 40वीं, सुशील ने 38वीं, नीरज दहिया ने 35वीं, सुनील तोमर ने 26वीं, जसबीर ने 22वीं, अनुभव ने 11वीं, दीपक ने 8वीं, सुमन रानी, मोहित पहल ने दूसरी बार तथा निखिल, वेदांशु दहिया, शुभम, डॉ. अलका आदि ने पहली बार रक्तदान किया। वहीं शिविर में पांच पिता-पुत्र की जोड़ी ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. सोनिका, डॉ. सतीश सांगवान, प्रो. जितेंद्र प्रसाद, डॉ. सत्यपाल खोखर, जसवीर, सुमन, प्रीति, सपना, ज्योति, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के आंकड़ों में ही सबसे असुरक्षित प्रदेश है हरियाणाः भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को महम में बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महम बार एसोसिएशन द्वारा चलाए जाने वाले पौधारोपण अभियान की शुरूआत पौधा रोपित करके की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हरियाणा को सबसे असुरक्षित प्रदेश घोषित किया हुआ है। साल 2014 तक जब तक वे मुख्यमंत्री थे, तब हरियाणा प्रदेश प्रति व्यक्ति आय में व निवेश में, कानून व्यवस्था में रोजगार देने के मामले में नंबर एक पर था, लेकिन अब हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी में और महंगाई के मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है। सेंटर गवर्नमेंट के आंकड़ों के मुताबिक अब केंद्र सरकार ने इस प्रदेश को सबसे असुरक्षित प्रदेश घोषित कर रखा है। हुड्डा ने कहा कि महम विधानसभा क्षेत्र के साथ उनका विशेष लगाव है। उनकी प्रगति में महम के लोगों का बड़ा हाथ है। 1991 में जब उन्होंने लोकसभा का पहला चुनाव लड़ा था, तो महम हलके से सबसे अधिक लीड मिली थी। अब जो लोकसभा चुनाव हुआ है। उसमें भी महम हलके से दीपेंद्र सिंह हुड्डा भारी मार्जन से जीते हैं।


**महम।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते महम बार एसोसिएशन के प्रधान रविशंकर सोनी व महम बार एसो. के वकील।

### महम बार एसो. के आजीवन सदस्य बने हुड्डा

**महम।** बार एसोसिएशन महम के प्रधान रविशंकर सोनी ने बताया कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बार एसोसिएशन महम का आजीवन सदस्य बना दिया गया है। शुक्रवार को वे बार में आयोजित समारोह में भाग लेने पहुंचे थे।

# पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रोहतक।** गौड ब्राह्मण सेंट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण किया गया। प्राचार्या डॉ. अनिता ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पौधों के महत्व के बारे में भी बताया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नाबालिग से दुष्कर्म, केस दर्ज

**रोहतक।** गांव लाखनमाजरा स्थित गांव में 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। लाखन माजरा थाना प्रभारी समरजीत सिंह ने बताया कि छात्रा नाबालिग है। रोहतक के ही एक गांव का रहने वाला युवक अपनी बुआ के घर पर आया हुआ था।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र श्री राम निवासी निवासी गांव चिड़ी, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र लक्ष्य मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नाटक जनता को शिक्षित और जागरूक करने का सशक्त माध्यमः हिमांशु

# पॉपकॉर्न नाटक से किया सामाजिक बुराइयों पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, पठानिया वर्ल्ड कैंपस, जेड ग्लोबल स्कूल, कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय नाटक उत्सव का आगाज करते हुए संकल्प रंगमंडल शिमला की टीम द्वारा पॉपकॉर्न नाटक का मंचन किया गया। नाटक उत्सव का उद्घाटन समाजसेवी हिमांशु ग्रोवर ने दीप प्रज्वलित करके किया। हिपा के चेयरमैन विश्वदीपक त्रिखा, कोषाध्यक्ष यतिन वधवा, प्रसिद्ध नगाड़ा वादक सुभाष नगाड़ा, डॉ. हरीश वशिष्ठ व डॉ. आनंद शर्मा उनके साथ मौजूद रहे। अपने संबोधन में हिमांशु ग्रोवर ने कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नाटक जनता को शिक्षित और जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। नाटक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह गंभीर बात को भी बड़े मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत करता है। बड़े फख्र की बात है कि विश्वदीपक त्रिखा जैसे रंगकर्मी रोहतक में रहते हैं, जो समय समय पर इस तरह के आयोजन शहर में करवाते रहते हैं। 'पॉपकॉर्न' नाटक एक पॉपकॉर्न बेचने वाले एक पढ़े लिखे युवा बेरोजगार की कहानी है जो रेलवे स्टेशन पर पॉपकॉर्न बेचता है। वह अपने इस संवाद में अपनी व्यथा स्पष्ट करता है कि हालांकि पॉपकॉर्न बेचूंगा , ये सोचकर पढ़ाई नहीं की थी...वह युवक रोज रेलवे स्टेशन पर पॉपकॉर्न बेचने आता है और अपने रोजमर्रा के अनुभव दर्शकों के सामने रखता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वीडी त्रिखा, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. हरीश वशिष्ठ, सुभाष नगाड़ा, अविनाश सैनी, सिद्धार्थ सोसर्ग, शक्ति सरोवेर, विकास रोहिल्ला, यतिन वधवा, सुरेंद्र शर्मा, जगदीप जुगनू, नवदीप, समीर शर्मा, ललित खन्ना, हर्ष, आर्यन सहित अनेक नाटक प्रेमी उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

Greenland Public School, Dattaur
REQUIREMENTS
Suitable candidates for the positions of
- Mother Teachers - 3
- PGT & TGT Spoken English - 1
- NTTs - 3
- PRT/English - 1
- PRO with Computer Efficiency - 1

Are Urgently Required
Deserving candidates are required to mail their CV at greenlandpublicschool@gmail.com & Contact No. 9050141414 for Interview Date & Time.

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


न्यूनतम 6% MRP से कम सभी दिन
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
ELENTA MART आपको देता है 6% न्यूनतम छूट की गारंटी जो आपको कोई और नहीं देता।
On Shopping Of ₹1999 & Above ₹7 1 kg sugar
On Shopping Of ₹1499 & Above 100 G DIAMOND CHIPS / MARS CHOCOLATE FREE
ROHTAK CITY
13 JULY - 19 JULY
SCAN TO DOWNLOAD
Google Play
App Store
ONLINE APP HOME DELIVERY COMING SOON!
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
Ariel Top/Front load matic liquid Detergent 4 ltr BUY2 GET 1 FREE
BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC LIQUID TOP/ FRONT LOAD 4Ltr BUY2 GET 1 FREE
SANI FRESH TOILET CLEANER BUY1 GET 1 FREE
MRP-₹205 OXYZEN DISHWASH OUR PRICE ₹69
mamaearth SELECTED VARIANTS flat 30% off
LOTUS flat 30% off
VLCC SELECTED VARIANTS BUY1 GET 1 FREE +20% OFF ON MRP
LIFE BOY / DETTOL HAND WASH 675ML BUY1 GET 1 FREE
2LTR MRP ₹499 PRIL LEQUID DISH WASH OUR PRICE ₹299
3KG MRP ₹390 SURF EXCEL EASY WASH OUR PRICE ₹309
MRP ₹320 FENA 5KG OUR PRICE ₹265
MRP ₹659 TIDE 5 KG OUR PRICE ₹499
TRESEMME, DOVE,SUNSILK HEAD & SHOULDERS, LOREAL 1 LTR BUY1 GET 1 FREE
HIMALYA BABY RANGE SELECTED VARIANTS 50% off
FORTUNE SOYA OIL 1 LTR. ₹140 OUR PRICE ₹118
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹170 OUR PRICE ₹135
VITA GHEE 1LTR MRP ₹660 OUR PRICE ₹565
ANANDA GHEE 900ML + BUNDI FREE OUR PRICE ₹489
MAHAKOSH OIL 1LTR ₹130 OUR PRICE ₹105
ORION CHOCO PIE 10 PCS BUY 1 GET 1 FREE
PARLE BISCUIT SELECTED VARIENTS BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE FEAST ROZANA 5 KG MRP ₹605 OUR PRICE ₹475
SUNDROP OATS 1KG BUY 1 GET 1 FREE
BORGES PASTA BUY 1 GET 3 FREE
CHUKDE POWDER MASALE SELECTED VARIANTS UPTO 50% OFF
VEEBA, DEL MONTE, CREMICA, TOPS TOMATO KETHUP BUY 1 GET 1 FREE
MARS,BOUNTY, BOURNVILLE RUM & RAISIN CHOCOLATE BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 160ML * 24 BOTTLES OUR PRICE ₹182
GAIA PRODUCTS SELECTED VARIANT BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI ATTA 10KG ₹448 OUR PRICE ₹379
Fortune atta 10kg ₹445 OUR PRICE ₹355
AMUL BUTTER 500GM MRP ₹285 OUR PRICE ₹265
MUSCLE BLAZE 40% OFF ON MRP
Everest / MDH - MASALE 20% OFF ON MRP
Cadbury OREO BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
FREE BUY 1 GET 3 BUY 1 GET 2 YOGA BAR MUESLI
DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML BUY 1 GET 1 FREE
STAYFREE SANITARY PADS MRP 190RS MRP 350 RS BUY 2 GET 1 FREE
BABY HUG ADV. @499 ABOVE 40% OFF ON MRP
WALNUTS /AKHROT 250G OUR PRICE ₹309
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹269
• MUMMY & DADDY BABY WIPES • DIOS FACIAL WIPES BUY 1 GET 2 FREE
UNDER GARMENTS SALE
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
LUX cozi DISCOUNT 30%
Dollar DISCOUNT 30%
DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
हम सिर्फ बिना पॉलिश की दालें बेचते हैं।
MOONG CHILKA OUR PRICE ₹115
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹125
MOGRA RICE / CHAWAL OUR PRICE ₹62
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹89
BADAM 1KG OUR PRICE ₹720
MILTON UPTO 50% OFF
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR OUR PRICE ₹79
SPECIAL OFFER DIAMOND CHIPS 100G BUY 1 GET 1 FREE
DOLE JUICE BUY 1 GET 3 FREE
HAMDARD SUGAR FREE ROOHAFZA BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE 25% OFF SELECTED VARIANTS REAL FRUIT POWER
BEST PRICE OUR PRICE ₹499 GOPAL JI THANDAI 1KG
HITKARY SHARBAT ALL FLAV. 700 ML 20% OFF
Vadilal 20% TO 56% OFF ON MRP
BEST PRICE OUR PRICE ₹155 HERSHEY'S SYRUP 623 g
YU 100% COCONUT WATER BUY 1 GET 1 FREE
AMERICAN BASIL DRINK BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE OUR PRICE ₹95 ₹125 RED BULL
FRESCA 1LTR BUY 1 GET 3 FREE
GOWARDHAN GULAB JAMUN, RASGULLA 500G BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE MRP- 680 MRP- 480 MRP- 360 PRICE ₹359 PREMIUM 20% OFF YELLOW PRICE ₹285 ELAICHI CHAI MARVEL TEA PREMIUM/YELLOW/ ELAICHI FLAVOUR 1KG
BEST PRICE OUR PRICE ₹185 TATA TEA PREMIUM 500g
Elenta Tower, Adjacent to D2M Hotel, Near New Bus Stand, Rohtak.
+91-8199999480
Rohtak Location
PLEASE BRING YOUR OWN CARRY BAG !
कृपया थैला साथ लेकर आएं।
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM
. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.